दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स
PRGI No._RJHIN/25/A0587

वर्ष : 01 | अंक : 26 | जयपुर, बुधवार, 27 अगस्त 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के हंसलपुर में ग्रीन मोबिलिटी पहल का उद्घाटन किया

## मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड पहल के तहत भारत में बने इलेक्ट्रिक वाहन 100 देशों को निर्यात किए जाएंगे : मोदी

- प्रधानमंत्री ने सुज़ुकी के पहले मेड-इन-इंडिया बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन 'ई विटारा' का उद्घाटन किया और उसे हरी झंडी दिखाई
- हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड विनिर्माण भी आज से शुरू हो रहा है: प्रधानमंत्री
- अब दुनिया भर में जो ईवी चलेगी, उसमें लिखा होगा- मेड इन इंडिया: प्रधानमंत्री
- आने वाले समय में, भविष्य के उद्योगों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा: प्रधानमंत्री

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के हंसलपुर में ग्रीन मोबिलिटी पहल का उद्घाटन किया। हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में यह एक बहुत बड़ा कदम है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गणेशोत्सव के उल्लास के बीच, भारत की मेक इन इंडिया यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के साझा लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। मोदी ने कहा कि आज से भारत में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्यात 100 देशों को किया जाएगा। उन्होंने देश में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड निर्माण की शुरुआत की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत-जापान मैत्री को एक नया आयाम देगा। उन्होंने भारत के सभी नागरिकों, जापान और सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन को हार्दिक बधाई दी।यह स्मरण करते हुए कि भारत की सफलता की कहानी के बीज 12-13 साल पहले बोए गए थे, मोदी ने कहा कि 2012 में, उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान, हंसलपुर में मारुति सुजुकी को ज़मीन आवंटित की गई थी। उन्होंने कहा कि उस समय भी आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया का ही विजन था। उन्होंने कहा कि वे शुरुआती प्रयास, अब देश के वर्तमान संकल्पों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।स्वर्गीय ओसामु सुजुकी को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सरकार को उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित करने का गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्हें मारुति सुजुकी इंडिया के लिए ओसामु सुजुकी द्वारा देखे गए विजन के व्यापक विस्तार को देखकर प्रसन्नता हो रही है। मोदी ने कहा कि भारत के पास लोकतंत्र की मजबूती, जनसांख्यिकी का लाभ और कुशल कार्यबल का एक विशाल भंडार भी है जो हर साझेदार के लिए लाभजनक है। उन्होंने बताया कि सुजुकी जापान भारत में निर्माण कर रही है और यहां उत्पादित वाहन जापान को निर्यात किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह न केवल भारत-जापान संबंधों की मज़बूती को दर्शाता है, बल्कि वैश्विक कंपनियों के भारत में बढ़ते विश्वास को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी जैसी कंपनियां प्रभावी रूप से मेक इन इंडिया की ब्रांड एंबेसडर बन गई हैं।



### भारत-जापान का रिश्ता 'मेड फॉर ईच अदर' वाला : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात में मारुति सुजुकी ई-विटारा इलेक्ट्रिक एसयूवी और हाइब्रिड बैटरी यूनिट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने भारत और जापान के मजबूत संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों के रिश्ते मेड फॉर ईच अदर वाले हैं। भारत-जापान के बीच पीपल टू पीपल कनेक्ट बढ़ा है। स्किल और ह्यूमन रिसोर्स से जुड़ी एक-दूसरे की जरूरतों को भी हम पूरा कर पा रहे हैं। आने वाले वर्षों में सभी प्रमुख क्षेत्रों में निरंतर प्रगति की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि आज के प्रयास 2047 तक एक विकसित भारत की नींव मजबूत करेंगे। उन्होंने यह विश्वास व्यक्त करते हुए समापन किया कि जापान इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एक विश्वसनीय भागीदार बना रहेगा। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि वह अगले हफ्ते जापान जाएंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत और जापान के बीच संबंध सिर्फ कूटनीतिक संबंधों से कहीं आगे तक फैले हैं, यह संस्कृति और आपसी विश्वास पर आधारित है। दोनों देश एक-दूसरे के विकास में अपनी प्रगति देखते हैं। मारुति सुजुकी के साथ शुरू हुआ सफर अब बुलेट ट्रेन की गति तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि भारत-जापान साझेदारी की औद्योगिक क्षमता को साकार करने की प्रमुख पहल गुजरात में शुरू हुई थी। अतीत को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 20 साल पहले जब वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन शुरू हुआ था, तब जापान एक प्रमुख साझेदार था। उद्योग से जुड़े नियम और कानून जापानी भाषा में छपवाए गए, ताकि उन्हें समझना आसान हो।उन्होंने गोल्फ के प्रति जापानियों के लगाव की सराहना की और बताया कि उनके हितों को ध्यान में रखते हुए 7-8 नए गोल्फ कोर्स विकसित किए गए हैं। पीएम मोदी ने आगे बताया कि भारत के कॉलेज और विश्वविद्यालय अब जापानी भाषा की शिक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## सीमाएं कम से कम 30 किलोमीटर के दायरे में अतिक्रमण से मुक्त होनी चाहिए : अमित शाह




■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम (वीवीपी) की समीक्षा बैठक में सीमावर्ती जिलों में अवैध धार्मिक अतिक्रमण हटाने पर जोर देते हुए कहा कि सीमाएं कम से कम 30 किलोमीटर के दायरे में अतिक्रमण से मुक्त होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि ये अतिक्रमण एक सुनियोजित डिजाइन के तहत किए जा रहे हैं, जिन पर सख्ती से रोक लगाना आवश्यक है।अमित शाह ने यहां मंगलवार को गृह मंत्रालय के सीमा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित वीवीपी पर दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने वीवीपी का लोगो भी लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-1 में प्रशासन कार्यक्रम तक सीमित रहा, लेकिन वीवीपी-2 में दृष्टिकोण बदलना होगा। उन्होंने जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया कि वे सीमावर्ती इलाकों में अवैध धार्मिक अतिक्रमण हटाने की दिशा में कदम उठाएं। सीमा से कम से कम 30 किलोमीटर दायरे तक सभी अतिक्रमण समाप्त होने चाहिए। गुजरात का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य ने समुद्री और भू सीमा से बड़ी संख्या में अतिक्रमण हटाकर सराहनीय कार्य किया है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के अंतिम गांव को देश का पहला गांव की उपाधि देकर सीमावर्ती इलाकों को देखने का दृष्टिकोण बदल दिया है। वीवीपी की परिकल्पना सीमांत गांवों से पलायन रोकना, हर नागरिक तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना और इन गांवों को देश और सीमा की सुरक्षा का उपकरण बनाना जैसे तीन बिंदुओं पर आधारित है।अमित शाह ने कहा कि आने वाले वर्षों में वीवीपी से जुड़े गांव देश और सीमाओं की रक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस कार्यक्रम के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है, संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन पर बल दिया जा रहा है तथा पर्यटन और रोजगार सृजन के नए अवसर खोले जा रहे हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मनोहर लाल ने की स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा, स्वच्छ शहर जोड़ी पहल का किया शुभारंभ



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों की समीक्षा के लिए मंगलवार को बैठक की। इसमें स्वच्छता पखवाड़ा की रणनीति, पारंपरिक या लीगेसी अपशिष्ट प्रबंधन, नागरिक सहभागिता, स्वच्छता ऐप के उपयोग और स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों पर विशेष बातचीत हुई।मनोहर लाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि सभी संबंधित विभागों और नगरीय निकायों को स्वच्छ सर्वेक्षण की दिशा में एकजुट होकर कार्य करना चाहिए, जिससे शहरी भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने 'स्वच्छ शहर जोड़ी' पहल का भी शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 72 शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहर, ईच वन, टीच वन मॉडल पर 72 उभरते शहरों को स्वच्छता में मदद करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पहल शहरों के बीच सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करेगी। इससे सफल स्वच्छता मॉडलों का विस्तार किया जा सकेगा और विभिन्न शहरों में कार्यान्वयन की क्षमता को भी बढ़ाया जाएगा। यह पहल न केवल संस्थागत मार्गदर्शन को मजबूत करेगी, बल्कि सहकर्मी शिक्षा को भी एक स्थायी रूप देगी। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन को एक नई गति देगी और देश को शहरी स्वच्छता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

### धार्मिक पर्यटन को मिली नई उड़ान, कई परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास




■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

बिहार की ऐतिहासिक और पौराणिक पहचान को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने सोमवार को बक्सर जिले में महर्षि विश्वामित्र पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सोन नहर के स्केप चैनल के दोनों ओर विकसित होने वाला यह पार्क बक्सर की सांस्कृतिक विरासत और पौराणिक महत्व को नए अंदाज में प्रस्तुत करेगा। पार्क में वॉकिंग ट्रैक, ओपन जिम, योगा पार्क, ओपन एयर एम्फीथिएटर, केबल-आधारित हैंगिंग ब्रिज, ग्रामीण हाट, जेन गार्डन, कैफेटेरिया और बच्चों के खेलने का जोन जैसी सुविधाएं होंगी। गंगा तट पर महर्षि विश्वामित्र की आदमकद प्रतिमा और सिद्धाश्रम म्यूजियम पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण होंगे। दूषित जल और कचरे के निस्तारण के लिए मिनी एसटीपी और बायो-रेमेडिएशन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसी क्रम में मंत्री ने हाल ही में रोहतास जिले के पौराणिक स्थल बाबा गुप्ताधाम में 14.91 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गुप्ताधाम ईको-पर्यटन विकास योजना का शिलान्यास भी किया।

तेहरान में दूतावास बंद करने की घोषणा

## ऑस्ट्रेलिया ने ईरान से तोड़े संबंध, राजदूत को निष्कासित किया

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने ईरान से राजनयिक संबंध तोड़ने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ईरान सरकार ने ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय पर कम से कम दो हमले करवाए। यह हमले मेलबर्न स्थित एडास इजराइल सिनेगॉग और सिडनी स्थित लुईस कॉन्टिनेंटल किचन पर हुए थे। अल्बानीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में ईरानी राजदूत को निष्कासित कर दिया गया है। साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तेहरान में अपना दूतावास बंद कर दिया है। अल्बानीज ने यह घोषणा मंगलवार दोपहर संसद भवन में संवाददाता सम्मेलन में की।ऑस्ट्रेलिया के समाचार पत्र द एज की खबर के अनुसार, संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री के साथ ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन (एएसआईओ) प्रमुख माइक बर्गेस, विदेशमंत्री पेनी वोंग और गृहमंत्री टोनी बर्क मौजूद रहे। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि तेहरान में तैनात अपने राजनयिकों को अन्य देशों में भेज दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया सरकार अब ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए कानून बनाएगी। उन्होंने कहा कि लुईस कॉन्टिनेंटल किचन और एडास इजराइल सिनेगॉग को पिछले साल क्रमशः अक्टूबर और दिसंबर में निशाना बनाया गया था। इस दौरान आग लगने से सिनेगॉग और किचन दोनों को काफी नुकसान पहुंचा था। सौभाग्य से हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि संभवतः ईरान ने और भी हमले किए होंगे। एएसआईओ प्रमुख माइक बर्गेस ने कहा कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर यहूदी विरोधी हमलों में अपनी संलिप्तता छुपाने की कोशिश भी की। बर्गेस ने कहा, हमने दर्जनों घटनाओं की जांच की है।

## भारत-श्रीलंका के बीच मज़बूत द्विपक्षीय संबंध सदियों पुराने : अनुराग ठाकुर

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को संसद भवन में श्रीलंका से आए संसदीय प्रतिनिधिमंडल को संबोधित किया। सांसद अनुराग ठाकुर ने भारतीय राजनीति में संसद की भूमिका, भारतीय लोकतंत्र व संविधान, चुनावी प्रक्रिया, संसदीय समितियों को लेकर श्रीलंकाई सांसदों के प्रश्नों का उत्तर दिया व भारत में लोकतंत्र व संविधान की गहनता व विशालता पर अपने विचार रखे। अनुराग ठाकुर ने इस बैठक के दौरान श्रीलंका से आए सभी सांसदों का पारंपरिक हिमाचली रीति से हिमाचली टोपी पहना कर उनका स्वागत किया व सभी सांसदों को भविष्य में देवभूमि आने का निमंत्रण दिया। मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच मज़बूत द्विपक्षीय संबंध सदियों पुराने हैं।

## आत्मनिर्भरता और लॉजिस्टिक्स भविष्य के युद्धों में जीत की कुंजी होंगी : सीडीएस

- भारत को सशक्त, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए क्षमताओं के विकास पर जोर

■ लोकमत, नई दिल्ली



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने भविष्य के युद्धों में जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में त्वरित और निर्णायक संयुक्त प्रतिक्रिया का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध सीमाओं को नहीं पहचानेंगे। मजबूत नागरिक सैन्य एकीकरण के लिए सीडीएस ने भविष्य के युद्धों में विजय प्राप्त करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में क्षमताओं के विकास पर जोर दिया।जनरल अनिल चौहान मंगलवार को मध्य प्रदेश के डॉ. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव विषय पर युद्ध, युद्ध कला और युद्ध संचालन पर अपनी तरह के पहले त्रि-सेवा सेमिनार 'रण संवाद' में मुख्य भाषण दे रहे थे। दो दिवसीय संगोष्ठी में सेवारत सैन्य पेशेवरों को रणनीतिक संवाद के अग्रभाग में लाया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 27 अगस्त को दूसरे और अंतिम दिन पूर्ण सत्र को संबोधित करेंगे। इस दौरान कुछ संयुक्त सिद्धांत और प्रौद्योगिकी परिप्रेक्ष्य एवं क्षमता रोडमैप भी जारी किए जाएंगे। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और एकीकृत लॉजिस्टिक को आगामी युद्धों में विजयी होने की कुंजी बताते हुए।







CMYK

## संपादक की कलम से....

# पीओपी नहीं, प्रकृति संग मनाएँ गणेश चतुर्थी


रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

गणेश चतुर्थी का पर्व पूरे देश में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारे जीवन में सकारात्मकता और प्रकृति के साथ संतुलन का संदेश देने वाला पर्व है। जब हम बप्पा को घर लाते हैं तो यह सिर्फ धार्मिक आस्था का विषय नहीं होता, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी होती है कि हम प्रकृति को नुकसान पहुँचाए बिना उत्सव मनाएँ। बप्पा की स्थापना से लेकर उनके विसर्जन तक हर घर और पंडाल में श्रद्धा और भक्ति का माहौल छा जाता है। लेकिन इस उत्सव के दौरान एक बड़ी चिंता भी सामने आती है - वह है पीओपी से बने गणेश प्रतिमाओं का इस्तेमाल। आज बाजारों में बड़ी संख्या में पीओपी से बनी मूर्तियाँ बिकती हैं। ये देखने में आकर्षक जरूर लगती हैं, लेकिन इनके पीछे छिपा सच बेहद डरावना है। पीओपी की मूर्तियां पानी में घुलती नहीं हैं, जिससे नदियों, तालाबों और झीलों का प्रदूषण बढ़ता है। पानी में घुलने वाले रसायन और रंग मछलियों व अन्य जीवों के जीवन के लिए हानिकारक होते हैं। पीओपी का कचरा भूमि पर भी फेंका जाए तो यह मिट्टी की उर्वरता को नष्ट करता है। कई राज्यों में पर्यावरण संरक्षण के तहत पीओपी मूर्तियों की बिक्री और विसर्जन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसमें मिलाए गए केमिकल और रंग जलीय जीवों को मारते हैं और लंबे समय तक पर्यावरण को नुकसान पहुँचाते हैं। सोचिए, जिसे हम विघ्नहर्ता कहकर घर लाते हैं, क्या वही विसर्जन के बाद प्रकृति के लिए विघ्न बन जाएं गणेश जी को विघ्नहर्ता माना जाता है, लेकिन अगर हम पीओपी की प्रतिमाएं खरीदते हैं तो वास्तव में हम पर्यावरण में विघ्न डालते हैं।इस गणेश चतुर्थी पर संकल्प लें कि हम मिट्टी के गणपति ही घर लाएँगे। हम केवल इको-फ्रेंडली गणपति ही स्थापित करेंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण छोड़ेंगे। बीज गणपति या इको-फ्रेंडली प्रतिमा विसर्जन के बाद जीवनदायिनी पौधों का रूप ले लेते हैं। मिट्टी की प्रतिमाएं आसानी से पानी में घुल जाती हैं और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचातीं। बाजार में आजकल बीज गणपति, कागज की मूर्तियां और गोबर से बनी मूर्तियां उपलब्ध हैं। विसर्जन के बाद ये धरती को जीवन देने का काम करती हैं। कई लोग बगीचे या घर के आंगन में ही प्रतिमा विसर्जन कर प्रकृति को संरक्षित करते हैं। गणेश जी खुश तभी होंगे जब हम उनके नाम पर प्रकृति को सुरक्षित रखेंगे। पर्व का असली आनंद तभी है जब उसमें भक्ति के साथ पर्यावरण संरक्षण का भाव भी जुड़ा हो। आइए, इस गणेश चतुर्थी पर बप्पा को प्रेम से बुलाएँगे, लेकिन पीओपी से नहीं। गणपति बप्पा मोरयाज पर्यावरण रक्षक बप्पा मोरया।

# गणेश चतुर्थी आजः सिंजारे पर प्रथम पूज्य के हाथों पर रची मेहंदी

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी बुधवार को विभिन्न शुभ योग में गणेश चतुर्थी के रूप में मनाई जाएगी। घर-घर में विघ्नहर्ता का पूजन किया जाएगा। द्वारपाल गणेश का अभिषेक कर सिंदूरी चोला धारण कराया जाएगा। डंका अर्पित कर लड्डू-गुड़धानी का भोग लगाया जाएगा। छोटीकाशी के सभी प्रमुख द्वारों पर प्रतिष्ठित गणेशजी का नगर निगम और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से पूजन किया जाएगा। इससे पूर्व मंगलवार को सिंजारा पर्व मनाया गया। गणेशजी महाराज को मेहंदी अर्पित कर पारंपरिक सिंजारा पर्व मनाया गया। छोटीकाशी के सभी गणेश मंदिरों में विशेष आयोजन हुए। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में महाराज को स्वर्ण मुकुट और पारंपरिक नौलखा श्रृंगार से अलंकृत किया गया। शाम को गणेशजी का विशेष श्रृंगार कर सिंजारे की मेहंदी अर्पित की गई। भक्तों को 3100 किलो मेहंदी का वितरण किया गया। गढ़ गणेश मंदिर में महंत प्रदीप औदीच्य के सान्निध्य में बाल स्वरूप पुरुषाकृति गणपति को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मेहंदी धारण कराई गई।

नहर के गणेश मंदिर, ब्रह्मपुरी माउंट रोड पर भी त्रिदिवसीय गणेश जन्मोत्सव के तहत दूसरे दिन मंगलवार को मेहंदी पूजन संपन्न हुआ, जिसके बाद मोदकों की झांकी सजाई गई। चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर में महंत अमित शर्मा के सान्निध्य में सिंजारा पर्व मनाया गया। गणेशजी को मेहंदी लगाकर भक्तों को वितरित की गई। शाम को भक्ति संध्या और रात्रि जागरण का आयोजन भी किया गया।

गलता गेट स्थित गीता गायत्री गणेश मंदिर में पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में गणेशजी को मेहंदी अर्पित की गई।


महिलाओं और बालकों को भी मेहंदी लगाई गई। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में महाराज को स्वर्ण मुकुट और पारंपरिक नौलखा श्रृंगार से अलंकृत किया गया।

शाम को गणेशजी का विशेष श्रृंगार कर सिंजारे की मेहंदी अर्पित की गई। भक्तों को 3100 किलो मेहंदी का वितरण किया गया। गढ़ गणेश मंदिर में महंत प्रदीप औदीच्य के सान्निध्य में बाल स्वरूप पुरुषाकृति गणपति को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मेहंदी धारण कराई गई। नहर के गणेश मंदिर, ब्रह्मपुरी माउंट रोड पर भी त्रिदिवसीय गणेश जन्मोत्सव के तहत दूसरे दिन मंगलवार को मेहंदी पूजन संपन्न हुआ, जिसके बाद मोदकों की झांकी सजाई गई।

चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर में महंत अमित शर्मा के सान्निध्य में सिंजारा पर्व मनाया गया। गणेशजी को मेहंदी लगाकर भक्तों को वितरित की गई। शाम को भक्ति संध्या और रात्रि जागरण का आयोजन भी किया गया। गलता गेट स्थित गीता गायत्री गणेश मंदिर में पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में गणेशजी को मेहंदी अर्पित की गई।

महिलाओं और बालकों को भी मेहंदी लगाई गई। दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा आत्माराम ब्रह्मचारी गणेश मंदिर में महागणपति महोत्सव का शुभारंभ ध्वजा अर्पण के साथ हुआ। समिति अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को सिंजारा पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों के अलावा घर-घर में भी सिंजारा पर्व को हर्षोल्लास से मनाया गया। बच्चों और महिलाओं ने मेहंदी लगाई तथा पारंपरिक सिंजारा गीत गाकर गणपति बप्पा का आह्वान किया।

**'गणेश पूजन मुहूर्त'** ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार 27 अगस्त को भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी अपराह्न 3:44 बजे तक है। गणेश पूजन के लिए मध्याह्न काल को श्रेष्ठ माना गया है। लाभ-अमृत का चौघड़िया सुबह 06:08 से 09:18 तक रहेगा। शुभ का चौघड़िया सुबह 10:53 से दोपहर 12:28 तक रहेगा। मध्याह्न काल सुबह 11:11 से दोपहर 01:45 तक रहेगा। वृश्चिक लग्न दोपहर 12:11 से दोपहर 02:29 तक रहेगा। चर-लाभ-अमृत का चौघड़िया अपराह्न 03:38 से शाम 06:49 तक रहेगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### एमएनआईटी जयपुर में होगा ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) जयपुर में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ 28 अगस्त 2025 को शाम 5:30 बजे वीएलटीसी (विवेकानंद लेक्चर थियेटर कॉम्प्लेक्स) में आयोजित किया जाएगा। यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम 28 से 31 अगस्त 2025 तक आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य नए विद्यार्थियों का संस्थान में स्वागत करना है। वहीं उद्घाटन समारोह मेंमुख्य अतिथि: प्रो. एन. पी. पाढ़ी, निदेशक, एम.एन.आई.टी. जयपुर और विशिष्ट अतिथि: डॉ. सुरवोकामल दत्ता, प्रख्यात मीडिया व्यक्तित्व एवं लोक नीति विशेषज्ञ शोभा बढ़ाएँगे। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5:25 बजे अतिथियों के आगमन से होगी, जिसके बाद दीप प्रज्वलन, विभिन्न डीन एवं समन्वयकों के स्वागत संबोधन तथा मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के विशेष संबोधन होंगे। ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को एम.एन.आई.टी. जयपुर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और पेशागत परंपराओं से अवगत कराना है, ताकि उनमें संस्थान के प्रति आत्मीयता और प्रेरणा का भाव जागृत हो सके।

### हेरिटेज निगमः गणेश चतुर्थी पर किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, मंदिर के बाहर बनाई रंगोली



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर हेरिटेज निगम की ओर से विशेष सफाई व्यवस्था की जा रही है। हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल के निर्देश पर मंगलवार को उपायुक्त स्वास्थ्य युगांतर शर्मा ने श्री गणेश चतुर्थी शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त स्वास्थ्य ने गढ़ गणेश मंदिर से गणगौरी बाजार तक मार्ग में सफाई व्यवस्था को देखा, साथ ही बाजार में अस्थाई अतिक्रमण को भी हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान हवा महल जोन उपायुक्त सीमा चौधरी भी निरीक्षण में साथ मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त स्वास्थ्य ने दुकानदारों से डस्टबिन रखने और अतिक्रमण को हटाने के लिए समझाइश भी की। वहीं, निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल के निर्देश पर मंदिरों के बाहर रंगोली बनाने और डस्टबिन रखवाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान निगम के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक और अभियंता अधिकारी भी मौजूद रहे।

### विशेष अभियान एरिया डोमिनेशनः चार एचएस सहित चौदह चालान शुदा आरोपित गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

शास्त्री नगर थाना पुलिस ने एचएस,हार्डकोर,वांछित अपराधियों असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार एचएस सहित चौदह चालान शुदा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस ने अपराधियों को चिन्हित कर अलसुबह की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाये गये विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन के तहत शास्त्री नगर थाना पुलिस ने एचएस,हार्डकोर,वांछित अपराधियों असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस की तीन टीमों ने अपराधियों को चिन्हित कर विभिन्न स्थानो पर सुबह 6 बजे से छापेमारी की कार्रवाई करते हुए मोहम्मद सनाउल निवासी कटिहार बिहार हाल खो नागोरियान जयपुर, खादी मूल निवासी चांचोल जिला मालदा पश्चिम बंगाल हाल शास्त्री नगर जयपुर , सय्यफुल निवासी चांचोल जिला मालदा पश्चिम बंगाल हाल शास्त्री नगर जयपुर , इफ्तेकार अली निवासी हरिशचंद्रपुर जिला मालदा पश्चिम बंगाल हाल शास्त्री नगर जयपुर , तजमूल निवासी चांचोल जिला मालदा पश्चिम बंगाल हाल शास्त्री नगर जयपुर ,मानन निवासी हरिशचंद्रपुर जिला मालदा पश्चिम बंगाल हाल शास्त्री नगर जयपुर ,चैन उल हक निवासी चांचोल जिला मालदा पश्चिम बंगाल हाल शास्त्रीनगर जयपुर, लोकेश सपेरा निवासी शास्त्रीनगर जयपुर , गोतम सपेरा निवासी शास्त्रीनगर जयपुर ,कमल निवासी शास्त्रीनगर जयपुर , मोहित उमरवाल निवासी शास्त्रीनगर जयपुर , इमरान निवासी शास्त्रीनगर जयपुर , किशन तिवारी निवासी शास्त्रीनगर जयपुर और मनोज मीणा निवासी को शास्त्रीनगर जयपुर को गिरफ्तार कर जेसी करवाया गया। फरार वांछित एचएस स्थाई वारंटी शमशाद उर्फ मुन्ना गिरफ्तार जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाये गये विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन के तहत गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार वांछित एचएस स्थाई वारंटी शमशाद उर्फ मुन्ना निवासी गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार किया है।

# डीजीपी की संवेदनशीलता की अनूठी नजीरः हेड कांस्टेबल से कटवाया नवीन बैरक का फीता

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

दो दिवसीय दौरे के तहत उदयपुर के खेरवाड़ा पुलिस प्रशिक्षण स्कूल पहुंचे राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने पुलिसकर्मियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता की अनूठी नजीर पेश करते हुए मौजूद हेड कांस्टेबल से फीता कटवा कर उद्घाटन करवाया।

मेवाड़ भील कोर खेरवाड़ा में 60 मैन बैरेक के उद्घाटन करने पहुंचे डीजीपी शर्मा ने अचानक ही अधिकारियों के पीछे खड़े एक बुजुर्ग हेड कांस्टेबल बख्शीराम को बुलाया और कहा कि ये बैरक आप लोगों के उपयोग के लिए है इसलिए आप ही इसका फीता काटकर उद्घाटन करो।

डीजीपी शर्मा ने अपने हाथ से बख्शीराम को कैंची सौंपी और बैरक का फीता कटवाकर उसे प्रोत्साहित किया। बख्शीराम सहित मौजूद पुलिस अधिकारियों ने भी



डीजीपी शर्मा की इस पहल की तारीफ की। इसके बाद डीजीपी शर्मा ने बैरक का अवलोकन किया और इसके बनने के बाद जवानों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने बैरक परिसर में एक पौधे का रोपण भी किया।

इस अवसर पर रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव, पुलिस मुख्यालय के डीआईजी (कार्मिक) कुंवर राष्ट्रदीप, कमांडेंट निरंजन चारण, एडीएसपी मंजीत सिंह व अंजना सुखवाल आदि मौजूद रहे।

### विप्र फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल ने की सीएम से भेंट

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा छह सितंबर को करेंगे श्री परशुराम ज्ञानपीठ का उद्घाटन

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

मुख्यमंत्री माननीय भजनलाल शर्मा 6 सितम्बर को अपराह्न 3 बजे शिप्रा पथ मानसरोवर में विप्र फाउंडेशन द्वारा निर्मित श्री परशुराम ज्ञानपीठ-सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च का उद्घाटन करेंगे।

विप्र फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भेंट कर उन्हें इस शुभ अवसर पर सादर आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल में विप्र फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक सुशील ओझा, राष्ट्रीय महामंत्री पवन कुमार पारीक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष परमेश्वर शर्मा, जोन वन के अध्यक्ष राजेश कर्नल, जोन वन के महामंत्री सतीश शर्मा उपस्थित थे।



भेंट के दौरान प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को श्री परशुराम ज्ञानपीठ की रूपरेखा और समाजहित में संचालित होने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। इनमें कॉन्टेस्ट प्रिपरेशन के लिए ट्रेनिंग, कन्या छात्रावास, शंकर ई-लाइब्रेरी, स्किल डेवलपमेंट सेंटर आदि शामिल हैं। सभी गतिविधियों को तत्परता से प्रारंभ करने का संकल्प भी दोहराया

# बंगाली बाबा मंदिर में सिंजारा पर्व मनाया,गणेश चतुर्थी आज

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा आत्माराम ब्रह्मचारी गणेष मंदिर में दो दिवसीय श्री महागणपति महोत्सव के तहत मंगलवार को सिंजारा पर्व मनाया गया। इस दौरान मंदिर प्रांगण प्रथम पूज्य के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

इस मौके पर गणेश जी को मेहंदी अर्पित की गई। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल व उपाध्यक्ष व संयोजक संजय पतंगवाला ने बताया कि महोत्सव के तहत मंगलवार को सुबह प्रथम पूज्य का पंचामृत अभिषेक किया गया।

इसके बाद सुबह सिंदूर अर्पण करने के बाद सिंजारा पर्व मनाया गया।इसके बाद सुबह सिंदूर अर्पण करने के बाद सिंजारा पर्व मनाया गया। इस मौके पर सौभाग्य देवी पूजन,चन्द्रार्चन व मेहंदी,सौभाग्य सामग्री का अर्पण किया गया। इस अवसर पर गणेश जी महाराज का आकर्षक श्रृंगार किया गया,जो भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर करीब 60 के आसपास मेहंदी कलाकारों ने दिन भर में करीब 900 महिलाओं को मेहंदी लगाई,साथ ही भक्तों को



मेहंदी वितरित की जाएगी।

महामंत्री गजेन्द्र लूणीवाल व कोषाध्यक्ष विष्णु कुमार अग्रवाल ने बताया कि गणेश चतुर्थी बुधवार मनाई जाएगी। इस मौके पर सुबह 5 बजे मोदक अर्पण के बाद दोपहर 1 बजे महाआरती व बैंड वादन के बाद शाम को 6 बजे भजन संध्या का आयोजन होगा। इस अवसर पर स्थानीय कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगे।

# प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी ला रहे हैं 'फ़ाइनाइट अर्थ मूवमेंट' गुलाबी नगरी में

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजसी विरासत–समृद्ध संस्कृति और अनमोल परंपराओं के लिए प्रसिद्ध गुलाबी नगरी जयपुर अब जलवायु सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की मेज़बानी करने जा रही है। भारत के सोलर मैन और आईआईटी बॉम्बे के प्रोफ़ेसर चेतन सिंह सोलंकी 31 अगस्त तक जयपुर में रहकर फ़ाइनाइट अर्थ मूवमेंट (फेम) – एक वैश्विक, युवाओं पर केंद्रित आंदोलन – को आगे बढ़ाएंगे, जो जलवायु सुधार की तात्कालिक आवश्यकता पर जोर देता है। प्रोफेसर सोलंकी जिन्होंने 2020 से 2030 तक की 11 साल की एनर्जी स्वराज यात्रा को समर्पित किया है, एक सौर ऊर्जा से संचालित बस में रहते हैं और पूरे भारत में यात्रा कर विशेषकर युवाओं से जुड़कर जलवायु परिवर्तन और उसके सुधार पर संवाद करते हैं। 11 साल की इस यात्रा के साथ वे जयपुर में सशक्त कार्यक्रमों–कार्यशालाओं और वार्ताओं की श्रृंखला लेकर आ रहे हैं। जिस तरह जयपुर को अपने किलों, महलों और संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए दुनिया भर में सराहा जाता है, उसी तरह अब यह धरती को बचाने के लिए भी पहचाना जाएगा। जयपुर की जनता – युवा, संस्थान, नेता और नागरिक – मिलकर इस सरल सत्य को फैलाएँगे: सीमित ग्रह पर असीमित उपभोग संभव नहीं है।




27 अगस्त को फेम टॉक्स, राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर – संतुलित जीवन और जलवायु सुधार पर प्रेरक संवाद श्रृंखला की शुरुआत।28 अगस्त को द इकोनॉमिक टाइम्स राजस्थान बिज़नेस समिट – मुख्य भाषण।

29 अगस्त को क्लाइमेट एक्शन हब ओरिएंटेशन, पूर्णिमा कॉलेज – संस्थानों और छात्रों को संगठित कर मापनीय जलवायु प्रभाव के लिए एक्शन हब की स्थापना। 30 अगस्त को फेम स्पीकर ट्रेनिंग वर्कशॉप, डॉ. बी. लाल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी – शिक्षकों और युवा नेताओं को फेम स्पीकर बनने का प्रशिक्षण, ताकि वे समुदाय में संदेश फैला सकें।

30 अगस्त को जयपुर फॉर फेम– जयपुर में जलवायु सुधार के लिए नेतृत्व करने वाले प्रमुख लोगों की बैठक। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जयपुर को जलवायु कार्रवाई का केंद्र बनाना है, जहाँ युवा, शिक्षक और सामुदायिक नेता व्यावहारिक उपायों के साथ उपभोग कम करने, अदृश्य कार्बन घटाने और जिम्मेदार जीवन जीने की दिशा में ठोस कदम उठा सकें।

# पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा जवानों की संपर्क सभा लेकर उनकी समस्याएं सुनीं और आत्मीय संवाद कर प्रोत्साहित

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजस्थान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा अपने दो दिवसीय उदयपुर रेंज प्रवास पर मंगलवार को खेरवाड़ा पुलिस प्रशिक्षण स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने मेवाड़ भील कोर के जवानों की संपर्क सभा लेकर उनकी समस्याएं सुनीं और आत्मीय संवाद कर प्रोत्साहित किया।

डीजीपी शर्मा ने कहा कि एमबीसी पूरे देश के लिए गौरव का विषय है और यहां के जवानों की हर जरूरत का पूरा–पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने स्थानीय साधन–संसाधनों के साथ पूरे उत्साह के साथ कार्य कर रहे जवानों को प्रोत्साहित भी किया।

**'जवानों ने खुलकर रखी अपनी बात'** संपर्क सभा में एमबीसी के जवानों ने बिना संकोच अपनी बात रखते हुए भर्ती प्रक्रिया, पदोन्नति, बैरक, चहारदिवारी, भवन मरम्मत, छत-शौचालय की स्थिति, पे ग्रेड जैसी विविध समस्याओं को सामने रखा और इनके समाधान का आग्रह किया। इस पर



डीजीपी शर्मा ने आश्वस्त किया कि जवानों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अपेक्षित प्रस्ताव शीघ्र भेजें, बजट हम उपलब्ध कराएंगे लेकिन काम कराना आपकी जिम्मेदारी होगी। डीजीपी ने यह भी कहा कि यदि तीन माह में कोई सुधार नहीं होता तो जवान सीधे कमांडेंट को इसकी सूचना दें। साथ ही, उन्होंने आदेश दिया कि हर माह स्टाफ काउंसिल की बैठक आयोजित हो, ताकि समय-समय पर समस्याओं की समीक्षा और समाधान हो सके। सभा में रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव, पुलिस मुख्यालय के डीआईजी (कार्मिक) कुंवर राष्ट्रदीप, कमांडेंट निरंजन चारण, एमबीसी के एडीएसपी मंजीत सिंह, एडीएसपी खेरवाड़ा अंजना सुखवाल सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी–कार्मिक मौजूद रहे।

# फिल्म परम सुंदरी के गाने पर सिद्धार्थ-जान्हवी ने मचाया जयपुर में धमाल




■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जयपुर का राज मंदिर सज गया है सिद्धार्थ और जाह्नवी के डांस से! फिल्म परम सुंदरी के गाने प्त डेंजर पर दोनों ने जमकर धमाल मचाया और साथ ही अपने फैंस के लिए स्पेशल स्क्रीनिंग रखी ।

परम सुंदरी का क्रेज़ अब सातवें आसमान पर है और इसी प्यार का जश्न मनाने के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर ने इस मंगलवार जयपुर में एक्सक्लूसिव फैन प्रीमियर रखा था। तीन दिन पहले ही, यानी रिलीज़ से पहले, जयपुर में पहली बार 1000 फैन्स के साथ हुई थी ये धांसू स्क्रीनिंग। दोनों स्टार्स ने सोशल मीडिया पर ये अनाउंसमेंट कर फैंस का जोश बढ़ा दिया था। इस प्रीमियर में सिद्धार्थ और जाह्नवी खुद फैन्स से मिले, बातें की और बनाया इसे एक यादगार सेलिब्रेशन–29 अगस्त की रिलीज से पहले ही। क्रॉस-कल्चर कहानी और देसी-टेक जुगलबंदी वाली परम सुंदरी का ये फैन-फर्स्ट इवेंट वादा कर गया ढेर सारी गर्मजोशी, कनेक्शन और मस्ती का, जब सिड-जान्हवी अपनी रोम-कॉम को सबसे पहले अपने फैन्स के करीब ले गए। इस शुक्रवार सिनेमाघरों में धमाका करने आ रही है परम सुंदरी।

# अपहरण कर लूटपाट करने वाले सात आरोपित चढ़े पुलिस के हत्थे

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण कर लूटपाट करने वाले सात आरोपितो को देवली जिला टोंक से धर–दबोचा है और आरोपियों के पास से पुलिस लूटा गया माल और वारदात में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण कर लूटपाट करने वाले राजवीर मीणा (27) निवासी सुरवाल जिला सवाई माधोपुर हाल शिप्रापथ जयपुर, कमलेश बैरवा (26) निवासी लांबा जिला टोक हाल शिप्रापथ जयपुर, सुरेश गुर्जर (25) निवासी दूदू जिला जयपुर हाल मुहाना जयपुर, तेजवीर सिंह राठौर उर्फ तेजू बन्ना (22) निवासी बोरावड जिला नागौर हाल मुहाना जयपुर,राजवीर जाटव (30) निवासी मानसरोवर जयपुर, हनी सिंह जादौन उर्फ मोहित सिंह जादौन (18) निवासी खेडली जिला अलवर हाल मानसरोवर जयपुर और शिव विजय (26) निवासी देवली जिला टोंक हाल शिप्रापथ जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों ने लूटे गए 2 मोबाइल, घटना में इस्तेमाल की गई कार भी जब्त की है। गौरतलब है कि मालपुरा गेट थाने में 23 अगस्त को परिवादी उस्मान खान ने मामला दर्ज करवाया था कि वह मंगल विहार कालोनी कोहिनूर सिनेमा के पास सांगानेर में रहता है। शिप्रापथ पर सिलाई बुनाई कंपनी में काम करता है। 22 अगस्त उसके पास फोन आया। इसमें कहा कि वह उसे दूसरी कम्पनी में नौकरी लगा देगा। इस पर पीड़ित आरोपी से मिलने पहुंच गया। इस दौरान पीड़ित का दोस्त दीपक बर्मन भी साथ था। आरोपियों ने दोनों का अपहरण किया। पत्रकार कॉलोनी के पास निर्माणाधीन बिल्डिंग में लेकर गए। कमरे में बैठा कर मारपीट करना शुरू कर दिया। बदमाशों ने दोनों को बंधक बनाकर मारपीट की। इसके बाद मोबाइल लेकर दूसरे खातों में पैसा ट्रांसफर किया। बदमाशों ने दोनों के साथ रातभर मारपीट कर सुबह सुनसान जगह पर छोड़ा। रिपोर्ट मिलने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। वारदात की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को देवली जिला टोंक में ट्रेस करते हुए पकडा।

# त्रिदिवसीय श्री गणेश जन्मोत्सव का हुआ आगाजः सिंजारा महोत्सव गणपति को लहरिया पौषाक धारण करा सजाई मोदकों की झाँकी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



ब्रह्मपुरी माऊण्ट रोड़ पर स्थित नगर के अति प्राचीन दाहिनीं सूँड़ दक्षिणमुखी श्री नहर के गणेशजी महाराज के मंदिर में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष त्रिदिवसीय श्री गणेश जन्मोत्सव को लेकर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाएगा । मंदिर युवाचार्य पंडित मानव शर्मा ने बताया कि यह त्रिदिवसीय गणेशजन्मोत्सव मंदिर महंत पंडित जय शर्मा के सान्निध्य में सम्पन्न होगा । उत्सव से पूर्व के व उत्सव के अनुष्ठान निम्नानुसार सम्पन्न होंगे मंगलवार की सायँ 5 बजे से गुरूवार तक त्रिदिवसीय जन्मोत्सव मनाया रहा है। उत्सव से पूर्व के व उत्सव के अनुष्ठान निम्नानुसार सम्पन्न होंगे मंगलवार की सायँ 5 बजे से गुरूवार तक त्रिदिवसीय जन्मोत्सव मनाया रहा है। जिसमें मंगलवार की सायँ 5 बजे सिंजारा महोत्सव में गणपति के नवीन श्रृंगार के दर्शन भक्तजनों ने किये तथा इस अवसर पर गणपति को विशेषरूप से बनाई गई लहरिया पौषाक व साफा धारण करवाकर असंख्य मोदक झाँकी सजायी गयी। जिसमें बड़े - छोटे सभी प्रकार के मोदकों को प्रभु को अर्पित किए गये। इसके तत्पश्चात गणपति को मेंहदी अर्पित कर पूजन व आरती गई एवं सायँ 5.30 से श्री प्रेम भाया सत्संग मण्डल जयपुर के विजय किशोर शर्मा एवं दिपक शर्मा द्वारा भजनों की सरस प्रस्तुति से देर रात्रि तक सिंजारा मनाया गया। इस पावन अवसर पर आने वाले भक्तजनों को सौभाग्यवर्धक मेंहदी एवं सुख - समृद्धिदायक नवीन चौले की सिन्दूर का वितरण की गई । वहीं बुधवार को श्री गणेश चतुर्थी का मुख्य पर्व प्रातः मंगला आरती 5 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें महंत परिवार द्वारा प्रातः गणपति की पूजा अर्चना करके विशेषरूप से बनाई गई राजशाही - पौषाक धारण करवाई जाएगी। इसके तत्पश्चात प्रातः सवा 7 बजे नियमित आरती होगी एवं प्रातः 9 बजे वैदिक मंत्रों के द्वारा दूर्वा समर्पण किए जाएँगे इसके तत्पश्चात प्रातः सवा 7 बजे नियमित आरती होगी एवं प्रातः 9 बजे वैदिक मंत्रों के द्वारा दूर्वा समर्पण किए जाएँग तथा दोपहर 11.30 बजे से गणपति के जन्मोत्सव का अभिषेक व पूजन तथा आरती महंत परिवार द्वारा की जाएगी। तत्पश्चात मोदक भोग के साथ 56 भोग प्रभु को अर्पित किए जाएँगे, सायंकालीन आरती सायँ 7 बजे होगी तथा शयन आरती देर रात्रि 12 बजे होगी । साथ ही गुरूवार को मंदिर परिवार द्वारा परंपरागत रूप से ऋषि पंचमी के पावन पर्व पर सप्तऋषियों का पूजन शुभ मुहूर्त में किया जाएगा तथा ब्राह्मणों का सम्मान किया जाएगा तथा प्रातः 7.15 बजे नियमित आरती के साथ ही दर्शनार्थी दर्शन कर सकेंगे, सायँ आरती के पश्चात भजन संध्या का कार्यक्रम होगा एवं रात्रि शयन आरती 12 बजे होगी ।

## परकोटा गणेश मंदिर जन्मोत्सव- सिंजारा महोत्सव में भगवान गणेश को 101 किलो मेहंदी अर्पण



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

गणेश चतुर्थी का पर्व बुधवार को विशेष योग संयोग में मनाया जाएगा। इसी कड़ी में चांदपोल बाजार स्थित परकोटा गणेश मंदिर में मंगलवार को भगवान गणपति के मेहंदी सिंजारा उत्सव मनाया गया । भगवान को 101 किलो मेहंदी अर्पित की गई। महंत परिवार की ओर से प्रथम पूज्य को मेहंदी अर्पण की गई । महिलाएं मंदिर प्रांगण में एक दूसरे को मेहंदी लगाई। इस मौके पर महिला मंडल के द्वारा बधाई गान का आयोजन हुआ । वहीं बुधवार को गणेश चतुर्थी के मौके पर गणेश जी महाराज का प्रातः विभिन्न तीर्थो के जल से पंचामृत अभिषेक फलों के रसों से अभिषेक किया जाएगा । अभिषेक के पश्चात भगवान को सोने के वर्क का चोला धारण कराया जाएगा । फूल बंगला झांकी सजाकर छप्पन भोग की झांकी का आयोजन होगा । स्थानीय भजन गायक प्रथम पूज्य का भजनों के माध्यम से गुणगान करेंगे। इस मौके पर पूरे मंदिर परिसर को फूलों और बंदरवाल झंडों से सजाया जाएगा। तीन दिन तक मंदिर में विशेष फूलों और लाइटिंग से मंदिर को सजाया जाएगा।

## जैन मंदिरों में भक्ति भाव से मनाया रोट तीज



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भाद्रपद शुक्ला द्वितीया मंगलवार को दिगंबर जैन धर्मावलंबियों का पारंपरिक रोट तीज पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में तीन चौबीसी पूजा विधान का आयोजन हुआ। घर-घर में श्रद्धालुओं ने रोट, खीर, घी, बूरा एवं तुरई का रायता बनाकर परिवारजनों, मित्रों तथा अन्य धर्मावलम्बियों को खिलाया। परंपरा अनुसार 72 कोठे का मंडल मांडकर चौबीस तीर्थंकर भगवान की तीन चौबीसी पूजा की गई। मान्यता है कि इस पूजा विधान से लक्ष्मी अटल रहती है। इसी अवसर पर महिलाओं ने रोट तीज व्रत एवं उपवास का पालन किया।

## गोविंद देवजी मंदिर में राधा अष्टमी की धूम आज से



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ बुधवार से होगा। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि 27 अगस्त को शाम के सत्र में भजन-कीर्तन की प्रस्तुति श्री गौरांग महाप्रभु संकीर्तन मंडल की ओर से दी जाएगी। 28 अगस्त सुबह बरसाना के सौरभ शर्मा और उनके साथी भजन-कीर्तन करेंगे। शाम को श्री राधा गोविन्द सखी परिवार की महिलाएं किशोरी जी को रिझाएंगी। 29 अगस्त को सुबह श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति की ओर से और शाम को श्री श्याम अनमोल सेवा रत्न परिवार ट्रस्ट की ओर से भजन कीर्तन होगा। 30 अगस्त को बंगाली महिला मंडल की ओर से अष्टप्रहर नाम संकीर्तन होगा। मुख्य आयोजन 31 अगस्त को होगा। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में राधा जी का अभिषेक किया जाएगा। सुबह आठ से दस बजे तक निशुल्क पंच कुंडीय राधा गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ में सभी को आहुतियां अर्पित करने का अवसर मिलेगा।

### 14 थीम पर देश की नामी 16 मॉडल्स ने किया रैम्प वॉक

# शो फैशन रनवे में मॉडल्स ने बिखेरे आधुनिक और पारंपरिक फैशन के जलवे





■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

नारी की दिव्य भव्यता को दर्शाती थीम श्रृंगार- कलातीत खजुराहों में खजुराहों के पत्थर पर उकेरी गई नारी के स्वरूप को मॉडल्स ने मंच पर साकार कर दिखाया वहीं मौर्य से मुगलकालीन राजशाही पारंपरिक वेषभूषा ने भी मंच पर ऑडियन्स को अपनी ओर खासा आकर्षित किया। मौका था पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित सालाना फैशन शो के चौथे संस्करण 'फैशन रनवे- 2025' में मॉडल्स द्वारा रैम्प पर प्रस्तुत किए गए थीम बेस्ड रैम्प शो का। संस्थान के फैशन एंड डिजाइन डिपार्टमेंट की ओर से आयोजित इस फैषन शो में देश की नामचीन 16 मॉडल्स ने स्टूडेंट्स के डिजायन्स रैम्प पर शोकेस किए। आयोजन में सुपर मॉडल आकांक्षा मौर्या और अंजली खांडल शो स्टॉपर थी। कार्यक्रम के दौरान बडी संख्या में फैशन एंड डिजायन इंडस्ट्री की दिग्गज हस्तियां उपस्थित थी, उन्होंने स्टूडेंट्स की क्रिएटिविटी को सराहा और थीम्स को अद्भूत बताया।

कु ल 14 थीम पर मॉडल्स ने रैम्प वॉक किया और स्टूडेंट्स के क्रिएटिव वर्क को मंच पर साकार कर दिखाया। मॉडल्स ने दोस्ती और शालीनता का प्रतीक उदयपुर की कला और मेवाड की छवि को दर्शाता सहेलियों की बाडी थीम, अफ्रीकन सवाना की अद्भूत सुंदरता को जीवंत करता मसाई थीम, परिष्कार और प्रकृति की सांसारिक गर्माहट को दर्शाते केरेमल शेडो थीम, आकाषवाणी के स्वर्ण युग को उदासीनता से श्रद्धांजलि देते हुए जयपुर आकाशवाणी थीम, जादुई दुनिया के रहस्यों को दर्शाती मस्करदा प्रोम पार्टी थीम, मोरक्को बाजार, ब्लू पॉटरी, नूर ए शीषा, वृन्दावन राग, संगम जैसी थीमों को मंच पर बेहद शानदार तरीके से प्रस्तुत किया। मॉडल्स ने बैचलर पार्टी, संगीत, विवाह की थीम पर रैंप वॉक कर भारत की सांस्कृतिक विरासत को अत्याधुनिक फैशन ट्रेंड्स के साथ समायोजित किया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप आईएएस नवीन महाजन और सीताराम विकास भाले समेत अन्य अतिथियों ने आयोजन में शिरकत की। कार्यक्रम के अंत में पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमेन डॉ. आनंद पोद्दार ने सभी अतिथियों का सम्मान किया एवं देषभर से आए मॉडल्स एवं स्टूडेंट्स के क्रिएटिव वर्क की सराहना की। उन्होंने इसे शानदार जुगलबंदी बताया। बॉलीवुड शो कोरियाग्राफर शाकिर शेख ने शो डायरेक्ट किया।

डिजायन डिपार्टमेंट की ओर से राहुल शर्मा, मोनिका पारिक, शिवानी गेलेरा, रजनी गुप्ता, प्रभा शर्मा, नेहा खूंटेटा, मोहम्मद शोएब, अरविंद शर्मा, सोहनलाल एवं गणेश ने आयोजन का कॉर्डिनेशन किया।

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का दलाल साढे तीन लाख रुपये रिश्वत की लेते गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी)की मुख्यालय जयपुर नगर तृतीय जयपुर टीम ने कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट क्राइम अगेंस्ट वुमन उदयपुर के हितेश मेहता के दलाल शांतिलाल सोनी को साढे तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी जयपुर नगर तृतीय जयपुर को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके द्वारा विक्रय की गई बीएमडब्ल्यू कार की बकाया रुपये दिलवाने में मदद करने व कोर्ट में दर्ज कराये जा रहे प्रकरण में आरोपित के विरूद्ध चालान पेश करने व सारे मामले को निपटाने की एवज में दलाल शांतिलाल सोनी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट क्राइम अगेंस्ट वुमन उदयपुर हितेश मेहता के द्वारा तीन लाख रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही हैं उसके द्वारा विक्रय की गई बीएमडब्ल्यू कार की बकाया रुपये दिलवाने में मदद करने व कोर्ट में दर्ज कराये जा रहे प्रकरण में आरोपित के विरूद्ध चालान पेश करने व सारे मामले को निपटाने की एवज में दलाल शांतिलाल सोनी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट क्राइम अगेंस्ट वुमन उदयपुर हितेश मेहता के द्वारा तीन लाख रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही हैं जिस पर रिश्वत मांग सत्यापन के दौरान साढे तीन लाख रुपये कभ् रिश्वत मांग करने के तथ्य प्रकट हुये। जिस पर एसीबी जयपुर नगर तृतीय जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश नवल के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए दलाल शांतिलाल सोनी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश मेहता के लिये साढे तीन लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की कार्यवाहक महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपित शांतिलाल सोनी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश मेहता की भूमिका संदिग्ध प्रकट हुई है, जिसके संबंध में पृथक से विस्तृत अनुसंधान किया जाएगा।

## युवक पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपित गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

हरमाड़ा थाना पुलिस ने एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि घायल युवक और आरोपित आपस में दोस्त थे और दोनों के बीच सोने की बात को लेकर विवाद होने पर जिस के बाद दोनों अलग-अलग जगहों पर जाकर सो गए। इस पर आरोपित आरोपी ने उठकर दोस्त के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया।

घायल युवक के अचेत होने पर आरोपित भाग गया था। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि हरमाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 23 अगस्त के राजावास बस स्टैंड के पास लहूलुहान होकर बेहोश पड़े अलवर निवासी भीम सिंह मीणा पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपित प्रमोद कुमार उर्फ टिन्नू उर्फ पुष्पराज (44) निवासी उत्तर प्रदेश हाल सांगानेर को गिरफ्तार को किया गया हैं। गौरतलब है कि 23 अगस्त की सुबह सूचना मिली की राजावास बस स्टैण्ड के पास एक व्यक्ति लहूलुहान होकर बेहोश पड़ा है।

पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने जांच पडताल की तो सामने आया कि घायल भीम सिंह मीणा काफी समय से राजावास बस स्टैंड के आस-पास रोड पर सोता है। दिन में चौकटी पर मजदूरी करता है। उसका किसी मजदूर से झगड़ा हो गया और उसने बदले की भावना से भीम सिंह मीणा के सोते हुए पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया।

## महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम कनोडिया कॉलेज एवं खंडेलवाल वैश्य गर्ल्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में आयोजित

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




महिला सुरक्षा को लेकर आज कनोडिया कॉलेज एवं खंडेलवाल वैश्य गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में विशेष महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया और महिला सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ रहे तथा कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीणा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में कनोडिया कॉलेज मे 1500 छात्राओं ने एवं खंडेलवाल वैश्य गर्ल्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में 500 छात्राओं ने एवं राजीविका की 2000 महिलाओं ने भाग लिया पुलिस आयुक्त जयपुर ने कहा कि हर महिला को सेल्फ डिफेंस आना चाहिए, क्योंकि इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। महिलाओं को सशक्त बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। जिस प्रकार जयपुर विश्व का दूसरा सबसे सुरक्षित शहर बना है, उसी प्रकार महिला सुरक्षा के क्षेत्र में भी जयपुर को प्रथम स्थान पर लाना है। इसके लिए राजस्थान पुलिस एवं समाज के सभी वर्ग मिलकर एक सुरक्षित समाज का निर्माण करेंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीणा एवं उनकी कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की विशेष तकनीक सिखाई गई। साथ ही राजकोप ऐप एवं महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर उन्हें सुरक्षा उपायों से अवगत कराया गया।

### मुरलीधर द्वारे आज बाजत बधाइयां... डहरे नगर में देखो कैसी बहार..

# स्वामी श्याम चरणदास महाराज जयंती महोत्सव पर श्री सरस निकुंज में बधाई गान

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

आचार्य महाप्रभु स्वामी श्याम चरण दास जी महाराज के 323 वें जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की प्रधान पीठ श्री सरस निकुंज में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में पद गायन हुआ।

इससे पूर्व ठाकुर जी का सिंजारा पर्व मनाया गया। ठाकुर राधा सरस बिहारी सरकार के हाथों पर मेहंदी लगाई गई।



**'सांयकालीन वेला में श्री वैष्णव भक्तजनों ने'** आचार्य महाप्रभु स्वामी श्याम चरण दास महाराज की जयंती की बधाइयां गाईं।

श्री शुक मुनि मंगल करन...बंदो सरस बारंबार.., समरथ गुरु श्री राधे श्याम..., श्री वृंदावन गहो आसरो..., सखी री सब मिल आओ गावो..., सखी री आज कुंज गृह बधाई..., सखी डहरे बजत बधाई... डहरे नगर में देखो कैसी बहार..., बधाई बाजे माई कुंजो रानी ललना जायो..., आज श्याम मुरली धर में..., मुरली धर द्वारे आज बाजत बधाइयां...जैसे पदों पर श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से नृत्य किया। श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि 19 अगस्त से मनाए जा रहे जयंती महोत्सव में 31 अगस्त तक बधाई गीत का क्रम चलेगा। इसी कड़ी में 19 अगस्त से 25 अगस्त तक सी स्कीम में सरदार पटेल मार्ग स्थित बृज विला में श्री भक्तमाल कथा प्रवचन का आयोजन किया गया।

व्यासपीठ से भक्तमाली इंद्रेश जी महाराज कथा प्रवचन किए। अंतिम दिन बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री भी भक्तमाल कथा में पहुंचे।

# जयपुर सहित एक दर्जन शहरों में बरसे मेघ

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रदेश में बारिश का दौर लगातार बना हुआ है। मंगलवार को जयपुर सहित करीब एक दर्जन शहरों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश बांसवाड़ा के भुंगरा में 154 मिमी बारिश दर्ज की गई। उदयपुर के झाड़ोल क्षेत्र में मंगलवार को वाकल नदी उफान पर है। वास-नरसिंगपुरा संपर्क सड़क के बीच बनी पुलिया डूब गई है।

वास-नरसिंगपुरा संपर्क सड़क के बीच बनी पुलिया डूब गई है। इसके ऊपर से तेज धार बह रही है। वास और नरसिंगपुरा गांव का संपर्क आपस में कट गया है। भीलवाड़ा के रायला कस्बे में जनता कॉलोनी स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल का कमरा मंगलवार सुबह भरभराकर गिर गया। टोंक और बूंदी जिले के स्कूलों में 27 अगस्त को भी छुट्टी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को जयपुर, भीलवाड़ा, अलवर, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बाड़मेर, जोधपुर, हनुमानगढ़, प्रतापगढ़, दौसा, करौली, धौलपुर, बांसवाड़ा सहित कुछ अन्य शहरों में बारिश दर्ज की गई। सोमवार को राज्य में सर्वाधिक वर्षा देवगढ़ राजसमंद में 80 मिलीमीटर दर्ज की गई। जल संसाधन विभाग के अनुसार बांसवाड़ा के अलावा अलवर के कठूमर में 89, फलोदी में 85, प्रतापगढ़ के धरियावद में 69, धौलपुर मनिया में 68 और दौसा के राहु वास में 60 मिमी बारिश दर्ज की गई।

बहरोड़ (कोटपूतली-बहरोड़) के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार सुबह तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश हुई। बहरोड़ (कोटपूतली-बहरोड़) के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार सुबह तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश हुई। इससे खेतों में भी पानी भर गया और बाजरे की फसल खराब हो रही है। मौसम विभाग ने राज्य में अगले 2-3 दिन कुछ जिलों में हल्की से मध्यम और कहीं-कहीं तेज बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक वर्तमान में मानसून ट्रफ बीकानेर, जयपुर, आगरा , प्रयागराज , डालटनगंज (बिहार), जमशेदपुर (झारखंड) होते हुए बंगाल की खाड़ी तक गुजर रही है। इस कारण राज्य में 27 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहेगा। जयपुर में सुबह हल्की बरसात, दिनभर छाए रहे बादल जयपुर में मंगलवार सुबह कुछ स्थानों पर हल्की बरसात हुई। इसके बाद दिनभर बादल छाए रहे। इस दौरान बीच-बीच में धूप भी देखने को मिली। जयपुर का अधिकतम तापमान 31.8 और न्यूनतम तापमान 25.5 मिमी दर्ज की गई। जयपुर के दिन के तापमान में एक डिग्री से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। बीसलपुर बांध के चार गेट खोलकर की जा रही 24040 क्यूसेक पानी की निकासी बारिश का दौर मंद होने से बीसलपुर बांध में पानी की आवक कम पड़ने लगी है। इससे बीसलपुर बांध के दो गेट बंद कर दिए गए और वर्तमान में चार गेट एक मीटर खोलकर 24040 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। त्रिवेणी नदी वर्तमान में 3.70 मीटर पर बह रही है।

## सामाजिक न्याय मंत्री ने ली विभागीय समीक्षा बैठक, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति शत-प्रतिशत होना सुनिश्चित हो : अविनाश गहलोत



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति शत-प्रतिशत होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि घोषणाओं के बेहतर क्रियान्वयन से ही आमजन को लाभ पहुंच सकता है। गहलोत मंगलवार को अंबेडकर भवन में आयोजित विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बजट घोषणा वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की बिंदुवार प्रगति रिपोर्ट ली और लंबित कार्यों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधानसभा में विशेष योग्यजन, पेंशन, छात्रवृत्ति, महिला कल्याण, छात्रावास सहित अन्य विषयों से जुड़े प्रश्नों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। सामाजिक न्याय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा समाज के वंचित तबके को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की वार्षिक भौतिक सत्यापन की स्थिति, छात्रवृत्ति की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में चयनित अभ्यर्थियों में से कोचिंग संस्थानों में ज्वाइन किए गए अभ्यर्थियों की जिलेवार स्थिति, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, पालनहार, कन्यादान योजना, कामकाजी महिला छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री घुमंतू आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से प्रगति जानी और आवश्यक निर्देश भी दिए।

## जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने निकाली ऑनलाइन लॉटरी

# जयपुर जिले से 4 हजार 905 वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा तीर्थ यात्रा का अवसर



- देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि रहे मौजूद
- 526 सफल आवेदक हवाई जहाज से तो वहीं, 4 हजार 379 रेल से करेंगे तीर्थ यात्रा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के तहत जयपुर जिले के 4 हजार 905 वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। मंगलवार को देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की मौजूदगी में जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने ऑनलाइन लॉटरी निकालकर सफल आवेदकों की घोषणा की। प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर हैं। उनके जीवनभर के अनुभव और आशीर्वाद से समाज व देश आगे बढ़ता है। सरकार का यह प्रयास है कि हमारे वरिष्ठ जन अपनी जीवन यात्रा के इस पड़ाव पर धर्म, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से जुड़ सकें। तीर्थ यात्रा योजना न केवल धार्मिक स्थल दर्शनों का अवसर प्रदान करती है, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के मनोबल को भी सशक्त करती है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत हवाई यात्रा एवं रेलयात्रा सहित प्रदेश के कुल 56 हजार वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा का अवसर दिया जा रहा है।

जिसमें से जयपुर जिले के 4 हजार 905 वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित होंगे। इनमें से 526 यात्री हवाई मार्ग से काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर की यात्रा करेंगे।

## विकास के संकल्प पर सांसद-विधायक संवाद, समावेशी विकास हमारी सरकार का विजन

# जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाकर विकसित राजस्थान की यात्रा में दें अपना योगदान : भजनलाल शर्मा

- मुख्यमंत्री ने प्रत्येक संसदीय क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से वन-टू-वन की चर्चा
- हमारी सरकार में किसानों को मिल रही पर्याप्त बिजली, कुप्रबंधन से डिस्कॉम्स को उभारा
- बिजली और पानी के क्षेत्र में हो रहे अभूतपूर्व कार्य

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांसद-विधायक संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर नागौर, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर-सिरोही, पाली, बीकानेर, गंगानगर, झुंझुंनू, सीकर, चूरू, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, अजमेर और दौसा संसदीय क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों और भाजपा जिला अध्यक्षों के साथ प्रदेश के विकास पर संवाद किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सीपी जोशी सहित संबंधित संसदीय क्षेत्रों के भाजपा सांसद, विधायक और लोकसभा एवं विधानसभा प्रत्याशी एवं बीजेपी जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।




## न्यूज़ ब्रीफ

### नवीनतम प्रौद्योगिकी के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ : राज्यवर्धन राठौड़



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजकिसान साथी परियोजना को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सीआईपीएस इनोवेशन अवार्ड मिलने के बाद प्रोजेक्ट की टीम ने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ से शिष्टाचार भेंट की। कर्नल राठौड़ ने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की टीम को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं और विभाग को नवीनतम प्रौद्योगिकी के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहायक बनने के निर्देश दिए।कर्नल राठौड़ ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए निर्देश दिए कि भविष्य में भी सभी एप्लिकेशंस में नवीनतम तकनीकों को सम्मिलित करते हुए राज्य को आईटी के क्षेत्र में देश का मॉडल राज्य बनाया जाए। उन्होंने कहा कि राजकिसान साथी परियोजना जैसे नवाचारों के माध्यम से न केवल किसानों को सशक्त किया जाए, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी प्रौद्योगिकी का उपयोग कर जनकल्याणकारी योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार और डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देकर राजस्थान को देश में अग्रणी बनाना हमारा लक्ष्य है।

### जल भराव के कारणों का अध्ययन कर वैकल्पिक उपाय सुझाएं, अधिक से अधिक लोगों को राहत पहुंचाएं : लोकसभा अध्यक्ष



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ प्रयास करें कि कोटा-बूंदी जिले में पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित लोगों को अधिक से अधिक सहायता एसडीआरएफ नॉर्म्स के तहत मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को कैसे राहत पहुंचाई जाए, इस दिशा में हर संभव कोशिश की जाए। बिरला ने कहा कि हाल ही में दोनों जिलों में बाढ़ से प्रभा?वित परिवारों को जन सहयोग के माध्यम से राशन सामग्री, कपड़े, बर्तन, बिस्तर आदि उपलब्ध कराए जाएं ताकि उनका जीवन फिर से सामान्य हो सके।लोकसभा अध्यक्ष मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र में पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों को पहुंचाई जा रही राहत की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि क्षति का सर्वे पूरी संवेदनशीलता के साथ करते हुए अधिक से अधिक लोगों को राहत पहुंचाएं। सभी उपखंड अधिकारी अपने ब्लॉक में पटवारियों को यह निर्देश प्रदान करें कि एसडीआरएफ के तहत मकान की क्षति के लिए मिलने वाली सहायता राशि के आवेदन के समय प्रभावितों से जमीन का पट्टा नहीं मांगा जाए क्योंकि नॉर्म्स के तहत पट्टा मांगने का कोई प्रावधान नहीं है। बिरला ने कहा कि घास-फूस एवं पत्तियों से बनी झोंपड़ी के अलावा जिन घरों की दीवारें बनी हुई थी और छप्पर डला हुआ था उन्हें कच्चे मकान की श्रेणी में सहायता दिलाई जाए।

### डीजीपी ने राजसमंद में देवगढ़ थाने का किया निरीक्षण

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा मंगलवार को देवगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने देवगढ़ थाना परिसर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उदयपुर रेंज के आईजी गौरव वास्तव, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक पारस चौधरी एवं थानाधिकारी अनिल बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। डीजीपी ने थाने के विभिन्न प्रभागों एवं कक्षों का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से स्वागत कक्ष, क्राइम रिकॉर्ड, ड्यूटी ऑफिसर कक्ष, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीजीपी ने कहा कि थानों में आने वाले प्रत्येक परिवादी के साथ संवेदनशीलता एवं सकारात्मक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

# विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और नई शिक्षा नीति क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित



- नामांकन के बाद विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो
- शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए निरंतर कार्य हो, राजस्थान देश का अग्रणी राज्य बने-राज्यपाल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कुलगुरुओं को व्यक्तिगत रुचि लेकर शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में नामांकन के बाद विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, इस हेतु अच्छे ढंग से पढ़ाने, रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों से उन्हें जोड़ने आदि के लिए भी कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने राजस्थान को उच्च शिक्षा में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में सुधार हो, नहीं तो उनके खिलाफ भी कड़े कदम उठाए जाएंगे।राज्यपाल बागडे मंगलवार को राजभवन में विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालयों में नई शिक्षा नीति लागू करने, विश्वविद्यालयों में नैक एक्रिडिएशन की कार्यवाही पूर्ण करने, वहां उपलब्ध लैब, पुस्तकालय, खेल मैदानों और छात्रावास के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में एक समान प्रश्नपत्र और पाठ्यक्रम लागू किए जाने की व्यावहारिकता के बारे में भी सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के गोद लिए गांवों को पिपलांत्री पैटर्न पर विकसित किया जाए। वहां पर अच्छे छायादार पौधे, फल, प्राकृतिक खेती के लिए भी लोगों को प्रोत्साहित कर कार्य किया जाए।राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में शोध के अंतर्गत मौलिक दृष्टि रखे जाने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में पेंशन, वेतनमान आदि के लिए भी राज्य सरकार स्तर पर संवाद कर सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।उन्होंने निजी और राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में अच्छे से अध्ययन कराने और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए निरंतर कार्य करने की आवश्यकता जताई।

उन्होंने कहा कि यह हमारा राष्ट्रीय दायित्व है कि हम विद्यार्थियों को देश का सुयोग्य नागरिक बनाए। बैठक में विश्वविद्यालयों में कुलगुरु के कार्यकाल की अवधि तीन से पांच वर्ष किए जाने संबंधित सुझावों के साथ बैठक में सभी विश्वविद्यालयों में प्रो वाइस चांसलर बनाने, वहां पर भविष्य के प्रशासनिक अधिकारी तैयार करने, नवाचारो के आलोक में भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत भारत विद्या अनुसंधान केन्द्र खोले जाने आदि पर भी चर्चा हुई।अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने प्रदेश में विश्वविद्यालयों में कॉमन भर्ती बोर्ड, डिजिटल कनेक्टिविटी और रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों के लिए विशेष प्रयास किए जाने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जो नवाचार करें, उसे विश्वविद्यालय पोर्टल पर डाला जाए। उन्होंने राज्य सरकार से जुड़े विश्वविद्यालयों मुद्दों के जल्द निस्तारण का भी विश्वास दिलाया।

## कर्मचारी चयन बोर्ड ने विभिन्न भर्तियों के मास्टर प्रश्न पत्र व उत्तर कुंजियां की जारी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 2 जून से 16 जून 2025 तक आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के मास्टर प्रश्न पत्र तथा इनकी प्रारम्भिक उत्तर कुंजियों बोर्ड की वेबसाइट पर जारी की हैं।

'इन भर्तियों के मास्टर प्रश्न पत्र व उत्तर कुंजियां हुई जारी'बोर्ड के सचिव डॉ. बी.सी. बधाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी के विभिन्न संवर्ग के संविदा पद भर्ती परीक्षा-2025 की खण्ड कार्यक्रम अधिकारी, मेडिकल सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ काउन्सलर, लेखा सहायक, फिजीयोथेरेपिस्ट सहायक, अस्पताल प्रशासक, रिहेबिलिटेशन कार्यकर्ता, ऑडियोलोजिस्ट, बायो मेडिकल इंजीनियर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, पब्लिक हैल्थ केयर नर्स, साईकेट्रिक केयर नर्स, डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर, सेक्टर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, मेडिकल लैब टेक्नीशियन, कंपाउन्डर आयुर्वेद, फार्मा सहायक, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं नर्स ग्रेड-2 भर्तियां इसमें शामिल हैं। साथ ही, पशुधन सहायक भर्ती-2024 और संविदा लेखा सहायक भर्ती-2024 के मास्टर प्रश्न पत्र तथा इनकी प्रारम्भिक उत्तर कुंजियां भी जारी की गई हैं। डॉ. बधाल ने बताया कि परीक्षार्थी ऑनलाइन आपत्तियां बोर्ड की वेबसाईट पर 28 अगस्त (00.01 बजे मध्य रात्रि) से 30 अगस्त (23.59 बजे मध्यरात्रि) तक दर्ज करवा सकते हैं।

## प्रदेश में विलायती बबूल का प्रभावी उन्मूलन आवश्यक

# विलायती बबूल को हटाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करे : मदन दिलावर




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विलायती बबूल (प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा) को जड़ सहित हटाने के लिए अध्ययन कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी करें और इसके उन्मूलन के संबंध में ऐसे विकल्पों को तलाश करें जिससे इस दिशा में सेफ जोन में काम किया जा सके। उन्होंने कहा कि विलायती बबूल के उन्मूलन के लिए क्षेत्र चिन्हित कर चरणबद्ध रूप से काम किया जाए। दिलावर ने मंगलवार को पंचायती राज सभागार में राज्य में विलायती बबूल उन्मूलन के संबंध में वन विभाग, ग्रामीण विकास एवं अन्य संस्था प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में ये निर्देश दिए। पंचायती राज मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल विलायती बबूल को काटना नहीं, बल्कि उनकी जड़ों को पूरी तरह से खत्म करना है ताकि दोबारा न उगें। उन्होंने कहा कि आज हमारे सामने विलायती बबूल खतरा साबित हो रहा है। प्रदेश में बहुतायत में उग आया विलायती बबूल अब अपने आसपास किसी अन्य वनस्पति को पनपने नहीं दे रहा है, इसलिए इसका प्रभावी उन्मूलन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पेड़ के कारण खेती की मिट्टी अनुपजाऊ बन जाती है। विलायती बबूल ने चारागाह क्षेत्र को भी नष्ट कर दिया है। इस पेड़ के कारण किसानों को पशु चराने में बड़ी समस्या से गुजरना है पड़ता है। विलायती बबूल का एक पौधा उग जाता है तो उसके आसपास बहुत सारे पौधे उगते हैं जो अन्य वनस्पति को विकसित नहीं होने देते हैं। उन्होंने विलायती बबूल के उन्मूलन के लिए वर्तमान में उपलब्ध वैधानिक प्रावधानों और नीतियों पर चर्चा की और कहा कि इन विलायती बबूल को हटाने का सरकार अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। कुछ अड़चनें हैं, उन्हें दूर कर इनको भी निकालने की कोशिश करेंगे। बैठक में इससे संबंधित उत्पादों ईंधन, चारकोल, पशु आहार आदि के बारे में चर्चा की गई।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मुलाकात की। शर्मा से उनकी ये शिष्टाचार भेंट थी।

## राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम का पहला एलएनजी प्लांट वित्तीय वर्ष के अंत तक, चार नए सीएनजी स्टेशन लगेंगे : टी. रविकान्त

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस द्वारा इस वित्तीय वर्ष के अंत तक राज्य का सार्वजनिक क्षेत्र का पहला लिक्विफाइड नेचुरल गैस प्लांट शुरु कर दिया जाएगा। प्रमुख सचिव माइन्स एवं पेट्रोलियम व चेयरमेन राजस्थान स्टेट गैस टी. रविकान्त ने बताया कि कोटा में 2 नए सीएनजी स्टेशन सहित चार सीएनजी स्टेशन इसी वित्तीय वर्ष में शुरु किये जाएंगे। एजीएम में शेयर होल्डर्स को 0.5 प्रतिशत की दर से लाभांश वितरित करने का निर्णय किया गया।

चेयरमेन टी. रविकान्त ने आरएसजीएल के वार्षिक कारोबार को मल्टीपल करने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए हरित उर्जा के क्षेत्र में विशेष हिस्सेदारी निभाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डीपीएनजी के साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को और अधिक संख्या में पीएनजी सुविधाओं से जोड़ने और सेवाओं में विविधिकरण लाया जाएं।आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बताया कि आरएसजीएल का वार्षिक कारोबार बढ़कर 100 करोड़ को पार कर गया है।

इसी तरह से 6 करोड़ से अधिक का लाभ रहा है। उन्होंने बताया कि सीएनजी सेगमेंट में 22 प्रतिशत से अधिक की विकास दर रही है। एलएनजी प्लांट का काम तेजी से चल रहा है।

रणवीर सिंह ने बताया कि राज्य सार्वजनिक क्षेत्र का पहला एलएनजी स्टेशन नीमराना में स्थापित होने से लंबी दूरी के परिवहन वाहनों को सुविधा मिल सकेगी वहीं आरएसजीएल और गैल द्वारा एलएनजी को लेकर अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित करना आरंभ कर दिया गया है।

## देवनानी ने हरितालिका तीज की प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हरितालिका तीज के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। देवनानी ने कहा कि हरितालिका तीज केवल व्रत और आस्था का पर्व नहीं, बल्कि नारी शक्ति, परिवारिक समरसता और दांपत्य जीवन की पवित्रता का प्रतीक है। इस दिन महिलाएं भगवान शिव-पार्वती की उपासना कर परिवार की सुख-समृद्धि और सौभाग्य की कामना करती हैं। देवनानी ने कहा कि भारतीय संस्कृति के इन पर्वों से नई पीढ़ी को जोड़ना आवश्यक है।

## सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने की 'सहकार से समृद्धि' की पहलों की समीक्षा

# पहलों को क्रियान्वित करने में राजस्थान कर रहा उल्लेखनीय कार्य, अन्य राज्य भी अपनाए राजस्थान द्वारा किये जा रहे नवाचार : मंजू राजपाल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर







सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' की पहलों को क्रियान्वित करने में राजस्थान उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नवीन एम-पैक्स के गठन में राजस्थान ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। साथ ही, राज्य ने कई नवाचार भी किए हैं, जिन्हें अन्य राज्यों द्वारा भी अपनाया जा सकता है।

डॉ. भूटानी मंगलवार को वीसी के माध्यम से 'सहकार से समृद्धि' के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही विभिन्न पहलों की क्रियान्विति की समीक्षा कर रहे थे। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बैठक में अवगत कराया कि विश्व की वृहत् अन्न भण्डारण योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के बजट में घोषित 100 में से 76 गोदामों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष गोदामों का निर्माण प्रगतिरत है।

वहीं, वर्ष 2025-26 के बजट में घोषित 100 गोदामों में से 56 की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अब तक नैफेड द्वारा 68 एवं एनसीसीएफ द्वारा 49 गोदामों को किराये पर लेने हेतु आश्वासन पत्र दिया गया है। जिन पैक्स के पास गोदाम निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है, उन्हें भूमि उपलब्ध करवाने के लिए जिला कलक्टर्स से अनुरोध किया जा रहा है। राजपाल ने कहा कि राज्य में पैक्स कम्प्यूटराइजेशन का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इसमें विभिन्न स्तरों पर गैप्स को दूर करने के प्रयास किये जा रहे हैं। ऑफलाइन ऑडिट के बाद हुई ऑनलाइन ऑडिट से आंकड़ों में आया अंतर दूर होने के बाद ऑनलाइन ऑडिट में तेजी से प्रगति होगी। उन्होंने बताया कि सहकारिता में सहकार के अंतर्गत 34 अरबन को-ऑपरेटिव बैंकों में से 11 ऑन बोर्ड हो चुके हैं जबकि, 6 बैंकों ने एनयूसीएफडीसी की सदस्यता हेतु आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर गठित तीन बहुराज्यीय संस्थाओं की सदस्यता के संबंध में भी राज्य की अच्छी प्रगति है। भारतीय बीज सहकारी समिति लि. की सदस्यता में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। साथ ही, एनसीओएल एवं एनसीईएल की सदस्यता भी राज्य की सभी पैक्स को दिलवाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

जीएसएस व केवीएसएस को इस संबंध में व्यापक जानकारी प्रदान करने के लिए सोमवार को राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका अच्छा रिस्पॉस देखने को मिला। सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. भूटानी ने कार्यों की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि जिन गोदामों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, उनका शीघ्र लोकार्पण करवाया जाए। साथ ही, शेष गोदामों का हायरिंग एश्योरेंस प्राप्त करने के लिए भी प्रस्ताव बनाकर नैफेड और एनसीसीएफ को भिजवाया जाए।




स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
(पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

CMYk